आलाकमान पर बन रहा दबाव

खैरा मामले में पीछे हटने को तैयार नहीं पंजाब कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 सितंबर।

पंजाब के नेता सुखपाल सिंह खैरा के मामले ने सियासी बवाल खड़ा कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान के बाद इस लड़ाई को कांग्रेस पार्टी आखिरी मोड़ तक ले जाने में जुट गई है।

इसे सीधे तौर पर पार्टी आलाकमान पर स्थानीय स्तर पर नेताओं का दवाब भी माना जा रहा है और नाराज स्थानीय नेताओं ने पार्टी से यहां तक कहा है कि इस प्रकरण को देखते हुए पार्टी को आम आदमी पार्टी से गठबंधन के मामले में सोचने की जरूरत है। हालांकि पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने साफ कहा कि इसका गठबंधन पर कोई आसार नहीं होगा। उधर, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरिवंद केजरीवाल ने भी यही दावा किया है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने इस बारे में सुना है, लेकिन मेरे पास विस्तृत जानकारी नहीं है। आपको पंजाब पुलिस से बात करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि (पंजाब के मुख्यमंत्री) भगवंत मान की सरकार राज्य में नशीले पदार्थों की समस्या को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इसने युवाओं को बर्बाद कर दिया है।

सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किसी भी चीज का असर नहीं होगा। उन्होंने यह टिप्पणी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान को लेकर की। केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के लिए प्रतिबद्ध है और वह उससे अलग नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि विपक्ष के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति होगी तो पूरा विरोध होगा। हमारे विधायक और किसान कांग्रेस के अध्यक्ष खैरा जी की गिरफ्तारी निंदनीय और शर्मनाक है। हम आशा करते हैं कि आम आदमी पार्टी में ज्यादा परिपक्व लोग इस पर चिंता करेंगे और कार्रवाई करेंगे क्योंकि पंजाब पुलिस जिस तरह विपक्ष के खिलाफ निरंकुशता कर रही है वो अलोकतांत्रिक है।

चाहे कोई प्रभावशाली व्यक्ति हो या कोई मामूली व्यक्ति , किसी को बख्शा नहीं जाएगा। मैं किसी विशेष घटना पर टिप्पणी नहीं कर रहा हूं क्योंकि मेरे पास विस्तृत जानकारी नहीं है।

'इंडिया' गठबंधन द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसी को पेश नहीं करने को लेकर सवाल किए जाने पर केजरीवाल ने कहा कि हमें एक ऐसी प्रणाली तैयार करनी होगी ताकि 140 करोड़ भारतीयों को लगे कि वे प्रधानमंत्री हैं। हमें किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि लोगों को सशक्त करना होगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की पंजाब इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के 2015 के मामले में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद, राज्य की 'आप' सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री फाजिल्का शुक्रवार को खैरा से मुलाकात के लिए भी पहुंचे थे लेकिन उनको खैरा से मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हम किसी भी दवाब में नहीं आएंगे और इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी सरकार से लड़ेंगे।

इस मामले में कांग्रेस ने एक्स पर भी लिखा कि अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रमुख सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी सत्ता के दुरुपयोग और प्रतिशोध का सबूत है। अन्याय के खिलाफ उनकी बुलंद आवाज को दबाने की इस ओछी साजिश के खिलाफ पूरा कांग्रेस परिवार एकसाथ है। हम झुकने-रुकने का तैयार नहीं है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। मालूम हो कि कांग्रेस की पंजाब इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के 2015 के मामले में पार्टी विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद बुधवार को राज्य की 'आप' सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध लेने का आरोप लगाया था। आप ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि विधायक के खिलाफ कार्रवाई कानून के अनुसार की गई है।

आगरा रेलवे ने ईएमयू चालकों के लिए जारी किए दिशानिर्देश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 सितंबर।

मथुरा में एक ट्रेन के अवरोधक (डेड एंड बफर) को तोड़कर एक प्लेटफार्म पर चढ़ने की घटना के कुछ दिनों बाद, आगरा रेलवे मंडल ने अंतिम गंतव्य स्टेशनों पर ट्रेनों का जिम्मा सुरक्षित सौंपने के वास्ते चालकों के लिए कड़े दिशानिर्देश जारी किए हैं।

इन दिशानिर्देश में कहा गया है कि 'मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) और इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू)' ट्रेनों के गंतव्यः अंतिम स्टेशन बिंदु पर पहुंचने के बाद, लोको पायलट (चालक) को तुरंत पावर/ट्रेन ब्रेक लगाना होगा और 'थ्राटल एवं रिवर्सर' को शून्य पर रखना होगा। इसमें ट्रेन को लावारिस न छोड़ने की चेतावनी देते हुए, चालकों को निर्देश दिया गया है कि वे ट्रेन के परिचालन के लिए महत्त्वपूर्ण दोनों चाबियों को बाहर निकालने जैसे सभी परिचालन प्रणाली को निष्क्रिय करने के निर्देशों का पालन करें, और यह कार्य 'शंटिंग' के लिए निगरानीकर्ता अथवा चालक को ट्रेन सौंपने से पहले किया जाना चाहिए।

इसमें कहा गया है कि यदि कोई चालक निगरानीकर्ता को ट्रेन सौंप रहा है तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने ट्रेन के पहियों के नीचे लकड़ी के चार 'वेज' लगाए हैं।

हिंदी में लिखे दो पन्नों के निर्देश में मंडल के सभी मुख्य लोको निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी चालकों को सौंपने की प्रक्रिया के बारे में सलाह दें और 29 अक्तूबर तक संबंधित विभाग को एक रपट सौंपें।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान 13 की मौत

मुंबई, 29 सितंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से नौ लोगों की मौत डूबने से हुई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन की शुरुआत गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हुई। मुंबई सहित कुछ शहरों में मूर्ति विसर्जन शुक्रवार दोपहर तक जारी रहा।

एक अधिकारी ने बताया कि नासिक के पंचवटी में तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि नासिक रोड इलाके में भी तीन लोगों ने अपनी जान गंवाई। उन्होंने बताया कि नासिक शहर में अम्बाद एमआइडीसी के समीप चुन्चुले शिवार पर गुरुवार रात करीब 10 बजे मूर्ति विसर्जन के लिए जाते वक्त छह साल के बच्चे को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

मोहन भागवत ने अहमदाबाद में संघ नेताओं के साथ की बैठक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 सितंबर।

गुजरात के दौरे पर गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को अहमदाबाद के मणिनगर इलाके में राज्य आरएसएस के मुख्यालय में एक संगठनात्मक बैठक में भाग लिया। आरएसएस गुजरात के मीडिया प्रभारी विजय ठाकर द्वारा जारी एक बयान के अनुसार भागवत और स्थानीय आरएसएस नेताओं के बीच तीन दिन में बंद कमरे में होने वाली कई बैठकों में से यह पहली बैठक थी।

ठाकर ने कहा कि 29 सितंबर से एक अक्तूबर तक भागवत अहमदाबाद में आरएसएस की विभिन्न संगठनात्मक बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

क्या राहुल गांधी गहलोत से इस्तीफा मांगेंगे : भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 सितंबर।

भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर शुक्रवार को कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या वह इन मुद्दों पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बात करेंगे और उनसे इस्तीफा देने को कहेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में गांधी से अपनी चुप्पी तोड़ने और गहलोत के नेतृत्व में अपनी पार्टी की राज्य सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने को कहा। जयपुर के एक गांव में शुक्रवार को सड़क के किनारे एक महिला का आंशिक रूप से जला हुआ शव मिला था। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। पूनावाला ने हाल के दिनों में राज्य में दर्ज हत्या, बलात्कार और अन्य अपराधों के कई अन्य मामलों का भी हवाला दिया और दावा किया, 'यह सिर्फ एक घटना नहीं है... मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान महिलाओं के खिलाफ अपराध में देश में शीर्ष पर है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में कांग्रेस के साढ़े चार साल के शासन में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने नारा दिया था 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' लेकिन राजस्थान में महिलाएं आज पूछ रही हैं कि 'लड़की हूं तो क्या राजस्थान में बच सकती हूं?'

उच्च पेंशन : नियोक्ताओं के लिए समयसीमा बढ़ाई ईपीएफओ ने

नई दिल्ली, 29 सितंबर (भाषा)।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने उच्च पेंशन को लेकर वेतन विवरण जमा करने की समयसीमा तीन महीने बढ़ा दी है। नियोक्ता अब ये विवरण 31 दिसंबर, 2023 तक 'अपलोड' कर सकते हैं।

श्रम मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार वेतन विवरण जमा करने की समयसीमा 30 सितंबर को समाप्त हो रही थी, लेकिन नियोक्ताओं और नियोक्ता संघों के सुझावों के बाद इसे बढ़ा दिया गया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, नियोक्ताओं और नियोक्ता संघों से कई अनुरोध मिले, जिसमें आवेदक पेंशनभोगियों /सदस्यों के वेतन विवरण अपलोड करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। इस ब्योरे के सत्यापन के लिए 29 सितंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार 5.52 लाख आवेदन नियोक्ताओं के पास लंबित हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया और केंद्रीय न्यासी बोर्ड के चेयरमैन ने नियोक्ताओं के लिए वेतन विवरण आदि जमा करने की समयसीमा 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ा दी।

पेंशनभोगियों/सदस्यों से विकल्प/संयुक्त विकल्प के सत्यापन के लिए 11 जुलाई, 2023 तक 17.49 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने शीर्ष अदालत के चार नवंबर, 2022 के आदेश के बाद उच्च वेतन पर पेंशन के लिए विकल्प/संयुक्त विकल्प के सत्यापन के लिए आवेदन जमा करने के लिए एक आनलाइन सुविधा शुरू की थी।

श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार पेंशनभोगियों/सदस्यों के लिए यह सुविधा 26 फरवरी, 2023 को शुरू की गई थी। इसके तहत, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तीन मई, 2023 थी। हालांकि बाद में कर्मचारियों के आग्रह पर विचार करते हुए उच्च पेंशन के लिए आवेदन जमा करने के लिए समयसीमा 26 जून, 2023 तक बढ़ा दी गई थी। पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों को होने वाली किसी भी कठिनाई को दूर करने के लिए 15 दिनों का अंतिम अवसर दिया गया।

विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 590.70 अरब डालर पर

मुंबई, 29 सितंबर (भाषा)।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.33 अरब डालर घट कर 590.70 अरब डालर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डालर घट कर 593.04 अरब डालर रहा था।

अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डालर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की विनिमय दर में गिरावट थामने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई।

रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.55 अरब डालर घट कर 523.36 अरब डालर रही।

LARSEN & TOUBRO

LARSEN & TOUBRO LIMITED
CIN: L99999MH1946PLC004768
Registered Office and Correspondence Address: L&T House, Ballard Estate, Mumbai - 400001, Maharashtra, India
Tel No.: +91 22 6752 5656; **Fax No.:** +91 22 6752 5858 | **Website:** www.Larsentoubro.com; **Email:** IGRC@Larsentoubro.com
Contact Person: Mr. Sivaram Nair A, Company Secretary and Compliance Officer

POST BUYBACK PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS/BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF LARSEN & TOUBRO LIMITED

This post buyback public announcement (the "Post Buyback Public Announcement") is being made pursuant to Regulation 24(vi) of the Securities and Exchange Board of India (Buy-back of Securities) Regulations, 2018 including any statutory modifications or re-enactments thereof (the "Buyback Regulations"). This Post Buyback Public Announcement should be read in conjunction with the public announcement dated August 26, 2023 published on August 28, 2023 (the "Public Announcement"), addendum to the public announcement dated September 11, 2023 published on September 12, 2023 (the "Addendum") and the letter of offer dated September 13, 2023 (the "Letter of Offer"). The terms used but not defined in this Post Buyback Public Announcement shall have the same meaning as assigned in the Public Announcement, the Addendum and the Letter of Offer.

1. THE BUYBACK

1.1. Larsen & Toubro Limited (the **"Company"**) had announced a buyback of up to 3,12,50,000 (Three Crore Twelve Lakh Fifty Thousand) fully paid-up equity shares of Rs. 2/- (Rupees Two only) each of the Company (**"Equity Shares"**) from the equity shareholders / beneficial owners holding Equity Shares as on September 12, 2023 (the **"Record Date"**), on a proportionate basis, through the "Tender Offer" route, using the stock exchange mechanism as prescribed under the Buyback Regulations, at a price of Rs. 3,200 (Rupees Three Thousand Two Hundred only) per Equity Share (**"Buyback Price"**) payable in cash for an aggregate amount of up to Rs. 10,000 Crore (Rupees Ten Thousand Crore only) (the **"Buyback"**) which represents 14.06% and 11.97 % of the aggregate of fully paid-up Equity Share capital and free reserves (including securities premium account) as per the latest audited standalone and consolidated financial statements of the Company for the financial year ended March 31, 2023, respectively, and represented 2.22 % of the total number of Equity Shares in the total paid-up Equity Share capital of the Company, as on March 31, 2023.

1.2. The Company adopted the Tender Offer route for the purpose of the Buyback. The Buyback was implemented using the "Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange" notified by SEBI vide circular CIR/CFD/POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 read with SEBI circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016, read with SEBI Circular SEBI/HO/CFD/DCRIII/CIR/P/2021/615 dated August 13, 2021 and circular bearing number SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/35 dated March 08, 2023 including any amendments or statutory modifications for the time being in force.

1.3. The tendering period for the Buyback opened on Monday, September 18, 2023 and closed on Monday, September 25, 2023 (both days inclusive).

2. DETAILS OF BUYBACK

2.1. 3,12,50,000 (Three Crore Twelve Lakh Fifty Thousand) Equity Shares were bought back under the Buyback, at a price of Rs. 3,200 (Rupees Three Thousand Two Hundred only) per Equity Share.

2.2. The total amount utilized in the Buyback is Rs. 10,000 Crore (Rupees Ten Thousand Crore only), excluding Transaction Costs.

2.3. The registrar to the Buyback i.e. KFin Technologies Limited (**"Registrar to the Buyback"**), considered 2,21,452 valid applications for 22,57,65,157 Equity Shares in response to the Buyback resulting in the subscription of approximately 7.22 times the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. The details of the valid applications considered by the Registrar to the Buyback, are as follows:

Category	No. of Equity Shares Reserved in the Buyback	No. of Valid Applications	Total Equity Shares Validly Tendered	% Response
Reserved Category for Small Shareholders	46,87,500	1,45,447	32,22,701	68.75
General Category for all other Equity Shareholders	2,65,62,500	76,005	22,25,42,456	837.81
Total	**3,12,50,000**	**2,21,452**	**22,57,65,157**	**722.45**

2.4. All valid applications were considered for the purpose of acceptance in accordance with the Buyback Regulations and the terms set out in the Letter of Offer. The communication of acceptance/rejection has been dispatched electronically by the Registrar to the Buyback to the eligible Equity Shareholders on Thursday, September 28, 2023.

2.5. The settlement of all valid bids which were accepted was completed by the Indian Clearing Corporation Limited and the NSE Clearing Limited (**"Clearing Corporations"**) as applicable, on Thursday, September 28, 2023.

2.6. The Clearing Corporations have made direct funds payout to Eligible Shareholders whose shares have been accepted under the Buyback. If Eligible Shareholders' bank account details were not available or if the fund transfer instruction was rejected by RBI/respective bank, due to any reason, such funds were transferred to the concerned Stock Brokers' settlement bank account for onward transfer to such Eligible Shareholders.

2.7. Equity Shares held in dematerialized form accepted under the Buyback were transferred to the Company's Demat Account on Thursday, September 28, 2023. The unaccepted Equity Shares, if any, tendered by the Eligible Shareholders in dematerialized form was released / returned / lien removed by the Clearing Corporations directly to the respective Eligible Shareholder's demat account, as part of the exchange payout process on Thursday, September 28, 2023. 49 bids for 3,499 Equity Shares held in physical form were received out of which 324 Equity Shares held in physical form have been accepted and the Letter of confirmation in compliance with SEBI circular no. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/ P/CIR/2022/8 dated January 25, 2022 towards the unaccepted 3,175 Equity Shares held in physical form were dispatched to the registered address of the Eligible Shareholders on Thursday, September 28, 2023.

2.8. The extinguishment of 3,12,50,000 (Three Crore Twelve Lakh Fifty Thousand) Equity Shares accepted under the Buyback has been completed on Thursday, September 28, 2023.

2.9. The Company and its Directors, accept full responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement and also accept responsibility for the obligations of the Company laid down under the Buyback Regulations.

3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN

3.1. The capital structure of the Company, pre and post Buyback, is as under:

Sr. No.	Particulars	Pre Buyback(1)		Post Buyback	
		No. of Shares	Amount (Rs. In Crore)	No. of Shares	Amount (Rs. In Crore)
1	**Authorized Share Capital**	4018,50,00,000 Equity Shares of Rs. 2 each	8,037.00	4018,50,00,000 Equity Shares of Rs. 2 each	8,037.00
2	**Issued, Subscribed and Paid-up Capital**	140,56,48,717 Equity Shares of Rs. 2 each	281.13	137,43,98,717 Equity Shares of Rs. 2 each	274.88

(1) As on record date for Buyback i.e., Tuesday, September 12, 2023

3.2. Details of shareholders from whom Equity Shares exceeding 1% of the total Equity Shares bought back, are as under:

Sr. No.	Name	Number of Equity Shares accepted under Buyback	Equity Shares accepted as a % of total Equity Shares bought back (%)	Equity Shares accepted as a % of total Post Buyback Equity Share Capital (%)
1.	Government of Singapore	33,07,761	10.58	0.24
2.	NPS Trust- A/C (Multiple Schemes)	12,83,336	4.11	0.09
3.	Nippon Life India Trustee Limited-A/C Nippon Mutal Fund (Multiple Schemes)	10,48,763	3.36	0.08
4.	Mirae Asset Mutual Fund (Multiple Schemes)	9,40,950	3.01	0.07
5.	Aditya Birla Sun Life Trustee Private Limited A/C Mutual Fund (Multiple Schemes)	8,60,828	2.75	0.06
6.	SBI Mutual Fund (Multiple Schemes)	8,52,964	2.73	0.06
7.	HDFC Mutual Fund (Multiple Schemes)	8,19,879	2.62	0.06
8.	Government Pension Fund Global	7,75,908	2.48	0.06
9.	Monetary Authority of Singapore (Multiple Schemes)	7,25,234	2.32	0.05
10.	ICICI Prudential Mutual Fund (Multiple Schemes)	5,96,179	1.91	0.04
11.	ICICI Prudential Life Insurance Company Limited	5,86,075	1.88	0.04
12.	HDFC Life Insurance Company Limited	4,88,923	1.56	0.04
13.	Bajaj Allianz Life Insurance Company Limited	4,59,750	1.47	0.03
14.	Fidelity Investment Trust Fidelity Series Emerging Markets Opportunities Fund Mutual Fund	4,55,828	1.46	0.03
15.	General Insurance Corporation of India	4,38,489	1.40	0.03
16.	Kuwait Investment Authority Fund (Multiple Schemes)	4,36,734	1.40	0.03
17.	New World Fund Inc	3,92,880	1.26	0.03
18.	BNP Paribas (Multiple Schemes)	3,88,170	1.24	0.03
19.	Kotak Mutual Fund (Multiple Schemes)	3,57,669	1.14	0.03
20.	TATA Mutual Fund (Multiple Schemes)	3,35,693	1.07	0.02
	Total	**1,55,52,013**	**49.77**	**1.13**

3.3. The shareholding pattern of the Company, pre and post Buyback, is as under:

Category	Pre-Buyback(1)		Post-Buyback	
	Number of Equity Shares	% of Shareholding	Number of Equity Shares	% of Shareholding
Promoter & Promoter Group	NA	NA	NA	NA
Foreign Investors (including Non Resident Indians / FIIs / FPIs / Foreign Nationals / OCBs / Foreign Bodies)	39,41,25,830	28.04	1,37,43,98,717	100.00
Financial Institutions / Banks / NBFCs/ Mutual Funds / Insurance Companies	52,63,01,999	37.44		
Others (Public, Bodies Corporate, Clearing Members, Trust, and HUF)	48,52,20,888	34.52		
Total	**1,40,56,48,717**	**100.00**	**1,37,43,98,717**	**100.00**

(1) As on record date for Buyback i.e., Tuesday, September 12, 2023

4. MANAGERS TO THE BUYBACK

JM FINANCIAL
JM Financial Limited
7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai – 400025, India
Tel: +91 22 6630 3030; +91 22 6630 3262 **Fax:** +91 22 6630 3330
Contact Person: Ms. Prachee Dhuri
Email: Int.buyback2023@jmfl.com **Website:** www.jmfl.com
SEBI Registration Number: INM000010361
Corporate Identity Number: L67120MH1986PLC038784

AXIS CAPITAL
Axis Capital Limited
8th Floor, Axis House, C-2, Wadia International Centre P.B. Marg, Worli, Mumbai 400 025 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4325 2183 **Fax:** +91 22 4325 2000
Contact Person: Mr. Jigar Jain
Email: LNTbuyback@axiscap.in **Website:** www.axiscapital.co.in
SEBI Registration Number: INM000012029
Corporate Identity Number: U51900MH2005PLC157853

5. DIRECTORS RESPONSIBILITY

As per Regulation 24(i)(a) of the Buyback Regulations, the Board of Directors of the Company accepts responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement or any other information, advertisement, circular, brochure, publicity material which may be issued and confirms that such document contains true, factual and material information and does not contain any misleading information.

For and on behalf of the Board of Directors of Larsen & Toubro Limited

Sd/-	Sd/-	Sd/-
S. N. Subrahmanyan Chief Executive Officer & Managing Director DIN: 02255382	**R. Shankar Raman** Whole-time Director & Chief Financial Officer DIN: 00019798	**Mr. Sivaram Nair A** Company Secretary & Compliance Officer Membership No. F3939

Place: Mumbai
Date: September 29, 2023